# राज्य और राष्ट्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर किया संवाद

## राज्यपाल से ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा ने मुलाकात की

जयपुर, 29 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को ब्राजील में कृषि से जुड़े उत्पादों, वहां के जीवन और लोगों के बारे जानकारी दी।

राज्यपाल श्री बागडे ने ब्राजील के कृषि—व्यवसाय के बारे में विशेष जानकारी ली और भारत में प्राकृतिक खेती के बारे में किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान कृषि, सहकारिता और डेयरी क्षेत्र के साथ विभिन्न अन्य क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने राजस्थान और देश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी संवाद किया।

ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा ने बताया कि कृषि ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सोयाबीन, कॉफी, चीनी आदि उत्पादों में ब्राजील अपने घरेलू खपत व निर्यात दोनों में विश्वभर में अग्रणी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने राजस्थान के मोटे अनाज और उनकी पोषण गुणवत्ता के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी। ब्राजील के राजदूत से अनौपचारिक संवाद में उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य, कृषि और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में भारत को अग्रणी किए जाने, साझा प्रयासों पर भी विमर्श किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने ब्राजील में एथेनॉल और बायो उर्वरकों के बारे में विशेष रूप से संवाद किया। इस दौरान ब्राजील की शहरी और ग्रामीण आबादी, उनकी आजीविका आदि विषयों पर भी विशेष रूप से संवाद हुआ।

आरंभ में राज्यपाल श्री बागडे ने राजदूत का राजभवन आगमन पर अभिनंदन किया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस दौरान मौजूद रहे।

——————



